संख्या- 155 / 2016 / 1375 /चार-2016-29(बजट)/15

प्रेषक,

सूर्यमणि लालचन्द
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 07 अक्टूबर , 2016

विषय:-वित्तीय वर्ष 2016-17 में उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न संग्रहालयों में सर्वो स्टेप्लाइजर ट्रान्सफार्मरो की स्थापना कराये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय अपने पत्र संख्या- 459 /उ0प्र0सं0नि0-1(56)/2016-17 दिनांक 08 अगस्त, 2016 के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न संग्रहालयों में सर्वो स्टेप्लाइजर ट्रान्सफार्मरो की स्थापना कराये जाने हेतु मूल्यांकित धनराशि रू0 65.50 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या-87/2016/238/चार-2016-29(वि0)/15 दिनांक 31 मार्च,2016 द्वारा रू0 32.00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गयी। , तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रश्नगत कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 33.50 लाख (रूपया तेतिस लाख पचास हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण /उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिसमें जमा नहीं की जायेगी।

3- शासनादेश संख्या-87/2016/238/चार-2016-29(बजट)/15 दिनांक 31 मार्च,2016 में उल्लिखित अन्य प्रतिबन्ध /शर्ते आदि यथावत रहेगी।

4 - उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में आयोजनागत पक्ष के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक- 2205-कला एवं संस्कृति-107-संग्रहालय-03-अधिष्ठान व्यय-42-अन्य व्यय मद के नामे डाला जायेगा।

5 - वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(सूर्यमणि लालचन्द)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या - 155 /2016 / 1375 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।

3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।

4- वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ ।

5 - मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।

6 - प्रबन्ध निदेशक , उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड) यूनिट-3, लखनऊ।

7 - वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4

8 - निजी सचिव, मा0 संस्कृति मत्री (स्वंतत्र प्रभार) , संस्कृति विभाग।

9 - गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।